हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 11 दिसंबर 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO. 05 : LEFT MIDDLE

कैंसर में पेन मैनेजमेंट को एसआरएमएस में मंथन

एसआरएमएस में रविवार को कैंसर पेन मैनेजमेंट पर सेमिनार आयोजित हुआ।

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, के एनेस्थीसिया विभाग की ओर से एक सीएमई और हैंड्स ऑन वर्कशाप का आयोजन किया गया। इसमें देश विभिन्न मेडिकल कालेजों एवं चिकित्सा संस्थानों से एनेस्थीसिया एवं कैंसर रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला में अत्याधुनिक तकनीक के बारे में बताया गया, साथ ही लाइव ऑपरेशन से डॉक्टरों को प्रयोगात्मक ज्ञान दिया गया।

सीएमई का उद्घाटन मुख्य अतिथि एम्स की डॉ. सुषमा भटनागर और एसआरएमएस के चेयरमैन देव मूर्ति ने किया। चेयरमैन देव मूर्ति ने मुख्य अतिथि एवं चिकित्सकों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन ने मुख्य अतिथि एवं चैप्टर अध्यक्ष को पौधा देकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं एम्स दिल्ली से आई डॉ. सुषमा भटनागर ने कैंसर रोग से होने वाली असहसीन पीड़ा को किस प्रकार नियंत्रित किया जाये विषय पर अपना महत्वपूर्ण ब्याख्यान दिया। एम्स दिल्ली से ही आई डॉ. सीमा मिश्रा ने बच्चों में कैंसर के दर्द प्रबन्धन विषय पर बताया। एसजीपीजीआई से आई डॉ. नीरज रस्तोगी ने कैंसर के दर्द प्रबन्धन में रेडियोथैरिपी की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला। एसजीपीजीआई न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग से आये डॉ. अमिताभ आर्या ने कैंसर के दर्द प्रबन्ध में न्यूक्लियर मेडिसिन की भूमिका के बारे में बताया। हैंड्स ऑन वर्कशाप की डीएसए लैब में कैंसर के चार मरीजों पर पेन प्रोसीजर्स सहारा अस्पताल लखनऊ के डॉ. देवेन्द्र सिंह ने दिया। चेयरपर्सन डॉ. जूही सरन ने आगन्तुकों का आभार जताया। लगभग 150 चिकित्सकों और पीजी छात्रों ने भाग लिया। डॉ. आरके भास्कर, आईएसए बरेली चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. वीपी सिंघल एवं सचिव डॉ. रतन पाल सिंह, डॉ. नवनीत अग्रवाल मौजूद थे।